राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
quality higher education for all

यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा
(यूजीसी- नेट) जून-2020

सार्वजनिक सूचना
(दिनांक 16 मार्च 2020)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) की स्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक स्वतंत्र, स्वायत्त, आत्मनिर्भर, स्वपोषित प्रमुख परीक्षा संगठन के रूप में की गई है। यूजीसी- नेट परीक्षा के संचालन का कार्य यूजीसी एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) को सौंपा गया है।

एन.टी.ए. द्वारा 'कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति' और 'सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता' हेतु आगामी यूजीसी- नेट परीक्षा का आयोजन 15 जून से 20 जून 2020 के मध्य में किया जायेगा। परीक्षा में निम्नवार दो प्रश्नपत्र होगें:

प्रश्नपत्र	अंक	प्रश्नों की संख्या (बहुवैकल्पिक)	समय प्रथम पाली	समय द्वितीय पाली	समयावधि
प्रथम	100	50	03 घंटे (प्रात: 9.30 बजे से अपराह्न 12.30 तक) (भारतीय मानक समय)	03 घंटे (अपराह्न 2.30 बजे से सायं 05.30 तक) (भारतीय मानक समय)	03 घंटे
द्वितीय	200	100			

परीक्षा का आयोजन केवल 'कंप्यूटर आधारित परीक्षा' (सीबीटी) विधि से ही किया जाएगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट www.nta.ac.in एवं ugcnet.nta.nic.in पर 16 मार्च 2020 से उपलब्ध, यूजीसी नेट की **सूचना विवरणिका को देख सकते हैं।**

यूजीसी-नेट जून 2020 की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी 16 मार्च 2020 से 16 अप्रैल 2020 (11.50 रात्रि तक) के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान 17 अप्रैल 2020 (11.50 रात्रि तक) तक ऑनलाइन किया जा सकता है।

वरिष्ठ निदेशक
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (यूजीसी-नेट)